प्रेस नोट ***22/03/2025***

02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक ई-रिक्शा, 04 ई-रिक्शा बैटरी व तमन्चा तथा कारतूस बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 21.03.2025 को थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर औसतपुर बार्डर के पास से अभियुक्तगण अजीत रावत उर्फ मोहित पुत्र अशोक रावत निवासी विक्रमपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर, वीरू उर्फ विश्वजीत वारी पुत्र धुन्नूलाल बारी निवासी जगदीशपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर के कब्जे से चोरी की एक अदद ई-रिक्शा व 04 अदद ई-रिक्शा बैटरी तथा एक अदद नाजायज तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना चिरैयाकोट व थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ में मु0अ0सं0 82/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित पाये गये। इस संबंध में उक्त अभियुक्तों विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 29/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

1. अजीत रावत उर्फ मोहित पुत्र अशोक रावत निवासी विक्रमपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर।
2. वीरू उर्फ विश्वजीत वारी पुत्र धुन्नूलाल बारी निवासी जगदीशपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर।

बरामदगी–

1. एक अदद ई-रिक्शा।
2. 04 अदद ई-रिक्शा बैटरी।
3. एक अदद नाजायज तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

1. प्रभारी निरीक्षक श्री योगेश यादव थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
2. उ0नि0 राकेश सिंह थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
3. उ0नि0 गिरधर सिंह थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
4. का0 प्रदीप कुमार थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
5. का0 दिनेश यादव थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
6. उ0नि0 लालबहादुर थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़।
7. हे0का0 मोहम्मद ताबिस थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़।
8. का0 विनोद कुमार थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़।

गैंगेस्टर एक्ट में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान क्रम में आज दिनांक 22.03.2025 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये

मुखबिर की सूचना पर बरहता अमहमकपुर थाना बडहलगंज जनपद गोरखपुर से थाना दोहरीघाट में पंजीकृत मु0अ0सं0 01/25 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त जोगिन्दर भारती पुत्र श्याम सुन्दर भारती निवासी बरहता अमहमकपुर थाना बडहलगंज जनपद गोरखपुर गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

1. थानाध्यक्ष श्री विजय प्रकाश मौर्य थाना कोपागंज जनपद मऊ।
2. का0 आशीष कुमार सिंह थाना कोपागंज जनपद मऊ।

03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 22.03.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा कस्बा चिरैयाकोट के पास से मु0अ0सं0 26/25 धारा 87, 352, 351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त राजकुमार पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी हुसैनाबाद थाना चिरैयाकोट व थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा मुगलाने चट्टी गालिबपुर के पास से मु0अ0सं0 112/25 धारा 103 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र महेश राम निवासी गालिबपुर थाना मुहम्मदाबाद तथा मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा बंधामोड़ कस्बा मुहम्मदाबाद के पास से मु0अ0सं0 118/25 धारा 75 बीएनएस व 11/12 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त वहाब आलम उर्फ चुन्नू पुत्र अमरुल्लास निवासी रसुलपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में आज दिनांक 22.03.2025 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर समाधान/थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा उपस्थित रहकर जनशिकायतों को सुना गया तथा इसके समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थानों पर 59 प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से कुल 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व टीम को आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराकर निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।